हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

12 सरसों की खरीद-फरोख्त मामले में सीएम फ्लाइंग ने फर्जीवाड़ा



12 रक्तदान से बचाई जा सकती है बहुमूल्य जिंदगियां



## बूंदाबांदी के साथ चलेंगी तेज हवाएं, गेहूं के भीगने का खतरा

# मौसम के फिर बिगड़ने के आसार आज से सक्रिय होंगे 4 पश्चिमी विक्षोभ

### मंडियों में 2 लाख 39 मीट्रिक टन गेहूं पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में आज से फिर मौसम खराब होने के आसार बन रहे हैं। प्रदेश में एक साथ चार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से एक बार फिर एक बार फिर मौसम खराब हो सकता है। इसके माह मौसम करवट लेगा व पूरे प्रदेश में गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान पारा 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। मई माह की शुरूआत से ही लू का प्रकोप शुरू हो जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से यहां मंडियों में खुली पड़ी गेहूं के खराब होने का खतरा पैदा हो गया है। प्रदेश के कई जिलों में बारिश के बाद अगले 2-3 दिन मौसम खराब रहने वाला है। जिसके चलते मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल व हिसार में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चल सकती हैं। मौसम विभाग ने आज यानी 29 अप्रैल को हरियाणा के उत्तरी जिलों में मौसम खराब रहने के आसार जताए हैं। हिसार कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन सिंह खीचड़ ने बताया है कि अब 4 पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो चुके हैं। इनका आंशिक असर हरियाणा में भी हो रहा है। मौसम में यह बदलाव अप्रैल के अंत तक रहने वाला है। इस दौरान बीच-बीच में हल्के बादल आने की संभावना है। दिन के अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहेगी, लेकिन रात के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने के आसार हैं।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

### 45% गेहूं अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ी

फतेहाबाद। मौसम विभाग ने आज से लगातार 3 दिन तक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की भविष्यवाणी की है। 1 मई तक मौसम परिवर्तनशील रहने की भविष्यवाणी के चलते अनाज मंडियों व खरीद केन्द्रों पर खुली में पड़ी गेहूं की फसल को लेकर किसानों व आढ़तियों के होश उड़ गए हैं। मौसम के करवट लेने से अनाज मंडियों व खरीद केन्द्रों पर खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं के गीला होने का खतरा मंडराने लगा है। किसान व आढ़तियों का इस समय करीब 45 फीसदी गेहूं मंडियों में है। जिला में अब तक 5 लाख 28 हजार 292 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है, जिसमें विभिन्न एजेंसियों ने 2 लाख 88 हजार 357 एमटी गेहूं का उठान हो पाया है। शेष 2 लाख 39 हजार 935 एमटी गेहूं अब भी खुले में पड़ा हुआ है। ऐसे में अगर बरसात होती है तो मंडियों में पड़ा गेहूं खराब हो सकता है।

### 31799 किसानों को 600 करोड़ का हुआ भुगतान

जिले में अब तक कुल 5 लाख 28 हजार 292 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है, जिसमें विभिन्न एजेंसियों ने 2 लाख 88 हजार 357 एमटी गेहूं का उठान हो पाया है। शेष 2 लाख 39 हजार 935 एमटी गेहूं अब भी खुले में पड़ा हुआ है। यानि कि अब तक 54.58 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है और 45.42 प्रतिशत गेहूं खुले में पड़ा है। खरीद एजेंसियों ने गेहूं खरीद की एवज में 31799 किसानों को 600 करोड़ की पैमेंट उनके खातों में डाल दी है यानि कि खरीद का 91.56 प्रतिशत भुगतान हो चुका है।

### गेहूं को तिरपाल से ढकने का प्रबंध करें आढ़ती : मेहता

मार्किट कमेटी फतेहाबाद के सचिव यशपाल मेहता ने भी मौसम विभाग का हवाला देते हुए सभी आढ़तियों से कहा है कि 1 मई तक बारिश की संभावना है। ऐसे में सभी आढ़ती किसानों की गेहूं की ढेरियों को तिरपाल से ढकने का प्रबंध करें तथा गेहूं के भरे हुए बैग को कैरेट पर रखना सुनिश्चित करें ताकि बरसात की स्थिति में गेहूं को नुकसान न हो।



फतेहाबाद। पीड़ित किसान के साथ जानकारी देते भारतीसय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेशाध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला।

## किसान के साथ धोखाधड़ी, गेहूं की फसल की उगी लेकिन बालियां में नहीं बना दाना

- किसान यूनियन पीड़ित किसान के समर्थन में उतरी, आज दुकानदार से मिलेंगे यूनियन पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव माजरा निवासी एक किसान ने फतेहाबाद अनाज मंडी की एक फर्म पर उसे घटिया क्वालिटी का गेहूं का बीज देने का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि उसने एक एकड़ में उक्त बीज से गेहूं की बिजाई की थी लेकिन फसल में कोई दाना नहीं आया, जिस कारण उसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान द्वारा इस बारे भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के पदाधिकारियों को सूचना दी गई, जिस पर किसान यूनियन पीड़ित किसान के समर्थन में उतर आई है।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला व महासचिव राजविन्द्र चहल का कहना है कि वे सोमवार को पीड़ित किसान की फसल का निरीक्षण करेंगे और बीज बेचने वाले दुकानदार से भी मिला जाएगा। किसान को जो नुकसान हुआ है, यूनियन द्वारा उसकी भरपाई करवाई जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला ने बताया कि गांव माजरा निवासी किसान गुरदयाल सिंह एक गरीब किसान है। उसने 3 किले जमीन ठेके पर ली हुई है। इसमें से उसने करीब 2 किले में दूसरे बीज से गेहूं की बिजाई की थी जबकि बीज कम रहने पर उसने फतेहाबाद अनाज मण्डी की एक फर्म से 1105 क्वालिटी की बीज खरीदा और करीब एक किले में इसकी बिजाई कर दी।

उन्होंने बताया कि इस एक किले में गेहूं की फसल का अच्छा उगाव तो हो गया है और बालियां भी आ गई है लेकिन इन बालियों के अंदर गेहूं का एक भी दाना नहीं बना है और यह बिलकुल खाली है जबकि दूसरी जमीन पर बिजाई की गई गेहूं की फसल में अच्छी पैदावार हुई है। माजरा के इस किसान के साथ दुकानदार और बीज की कंपनी ने धोखाधड़ी की है।

इस पर किसान ने दुकानदार से भी बातचीत की लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पीड़ित सिकान ने भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के सदस्यों के पास अपना दुखड़ा रोया। इस पर यूनियन ने निर्णय लिया है कि भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ उस किसान को इसका एक एकड़ के हुए नुकसान का पूरा मुआवजा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेगी। सोमवार को यूनियन के पदाधिकारी पीड़ित किसान के खेत में जाएंगे और उसके बाद उस दुकानदार की दुकान पर जाकर के इस मसले को उठाया जाएगा और किसान को हर संभव मदद यूनियन देगी।

## खबर संक्षेप

### सैलजा का फतेहाबाद में रोड शो 30 को

फतेहाबाद। सिरसा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सेलजा 30 अप्रैल को फतेहाबाद में अपने चुनावी अभियान का शुभारंभ करेंगी। सैलजा द्वारा मंगलवार को फतेहाबाद शहर में रोड शो निकालेंगी। यह रोड शो करीब 5 किलोमीटर लंबा होगा। इस टिकट मिलने के बाद पहली बार फतेहाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके जोरदार स्वागत की तैयारियां की जा रही है।

### मंदिर में माथा टेकने आई महिला की चेन चोरी

सिरसा। भादरा बाजार स्थित प्रतापगढ़ मंदिर में माथा टेकने के लिए आई जोधपुरिया निवासी एक महिला के गले से शातिर लोगों ने सोने की चेन चुरा ली। पुलिस को दी शिकायत में जोधपुरिया निवासी शिमला ने बताया कि वह भादरा बाजार स्थित प्रतापगढ़ मंदिर में धोक लगाने केलिए आई थी। उसने बताया कि धोक लगाने के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने उसके गले में पहनी हुई ढाई तोले की सोने की चेन चोरी कर ली। घर आने के बाद उसने चेन संभाली तो उसे घटना का पता चला।

### पोती की शादी पर गोशाला में भेंट किया पशु आहार

चोपटा। गांव नाथूसरी कलां निवासी भूप सिंह छिंपा ने अपनी पोती सुनीता की शादी की खुशी में महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला में गायों के लिए हिसार यूनिवर्सिटी से निर्मित 110 किलो मिनरल मिक्सचर भेंट किया। इस अवसर पर गौशाला प्रधान संतलाल कासनिया ने भूपसिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। घर के हर शुभ कार्य के दौरान गौसेवा के लिए भी कुछ न कुछ जरूर निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूप सिंह का पूरा परिवार गौशाला से जुड़ा हुआ है।

### अपहरण कर दुष्कर्म करने के दो आरोपी गिरफ्तार

डबवाली। थाना शहर डबवाली पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 21 अप्रेल को 2021 को पीड़िता की मां के बयान पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच आरंभ की थी। इसी जांच के चलते पुलिस ने अब दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गगनदीप व गुरदास निवासी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

### पंडित आत्माराम धर्मशाला में हुए धार्मिक कार्यक्रम

रतिया। पंडित आत्माराम मैमोरियल धर्मशाला में बाबा जी की बरसी को लेकर अखंड पाठ साहिब का पाठ चल रहा है जिसका भोग सोमवार 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे डाला जाएगा। उसके उपरांत कीर्तन गुरबानी चलेगी। पंडित आत्माराम मैमोरियल धर्मार्थ धर्मशाला सभा के महासचिव धीरज मोंगा एडवोकेट द्वारा सभी सदस्यगण की ओर से पूरी साध संगत को समयानुसार धर्मशाला के प्रांगण में परिवार सहित पहुंचने व भोग उपरांत लंगर प्रसाद ग्रहण करने का आमंत्रण भी दिया।

### गांव बनमंदौरी से विवाहिता लापता

फतेहाबाद। भट्टू के गांव बनमंदौरी से एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। इस बारे महिला के पति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनमंदौरी निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी अपनी 3 साल की लड़की को घर पर ही छोड़कर बिना बताए घर से चली गई है और वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## कुमारी सैलजा ने मोदी सरकार से छुटकारा पाने का आह्वान

डबवाली। सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के चुनाव कार्यालय का रविवार को डबवाली में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक रोड शो भी निकाला। पार्टी कार्यकर्ताओं में शहर के लोगों ने उम्मीदवार घोषित होने के बाद पहली बार डबवाली पहुंची कुमारी शैलजा का जोरदार अभिनंदन किया। हलका विधायक अमित सिहाग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर के वी सिंह व अन्य पार्टी नेताओं ने कुमारी सैलजा का अभिनंदन करते हुए कहा कि इलाके के लोगों की इच्छा के अनुसार पार्टी आलाकमान ने कुमारी सैलजा को यहां से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से लोगों का स्नेह व समर्थन कुमारी सैलजा के साथ है।




## एसपी ने किया संवेदनशील और अति संवेदनशील पोलिंग बूथों का निरीक्षण

सिरसा। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध होंगे तथा अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात किया जाएगा ताकि लोग निर्भीक होकर अपना मतदान कर सके। निष्पक्ष तथा स्वतंत्र चुनाव कराना कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सवार्ेच्च प्राथमिकता है। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस की तरफ से सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। उक्त जानकारी जिला के पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण ने आज गांव कंगनपुर, बाजेका, शाहपुर बेगू, डिंग तथा भुंभूर आदि गांवो में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों का दौरा करने के उपरांत दी। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस जिला सिरसा के अंतर्गत आने वाले सभी संवेदनशील तथा अति संवेदनशील व अन्य सामान्य पोलिंग बूथो का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया जा रहा है।

## 'सफलता के लिए सकारात्मक सोच जरूरी'

- एमएम शिक्षण महाविद्यालय में 'आत्मक्षमता पर विश्वास' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यह काम मेरे से कहां होगा, कैसे करूंगा, मेरे बस का नहीं है। क्या करना है सब ठीक चल रहा है। इन सब बातों से यही सिद्ध होता है कि आपने कभी अपने क्षमताओं को पहचाना ही नहीं। उसका आंकलन नहीं किया। किनारे बैठकर सोचने से समंदर पार नहीं होता। उसके लिए कूदकर हाथ-पैर चलाते पड़ते हैं। कहने का भाव है कि जब तक हम अपनी क्षमताओं को नहीं पहचानेंगे, तब तक हम एक सफल व्यक्ति नहीं बन सकते। यह बात मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग




फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. रविन्द्र पुरी। फोटो : हरिभूमि

एवं गाइडेंस व काउंसलिंग विभाग द्वारा 'आत्मक्षमता पर विश्वास' विषय पर आयोजित विस्तार व्याख्यान को संबोधित करते हुए डॉ. रविन्द्र पुरी, पूर्व प्राचार्य, राजकीय कॉलेज रतिया ने कही। डॉ. गुंजन बजाज व सतीश कुमार की देखरेख में आयोजित इस विस्तार व्याख्यान में काफी में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. रविन्द्र पुरी ने कहा कि सभी में एक विशेष क्षमता होती है लेकिन जरूरत है अपनी उस क्षमता की पहचान करने की। किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए पहले खुद को योग्य व सक्षम बनाना होगा। डॉ. पुरी ने कहा कि सभी व्यक्ति एक जैसे नहीं होते। हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है, जो उस व्यक्ति को अन्य लोगों से अलग बनाती है। सबसे पहले अपनी इस खूबी को पहचानें। अपनी क्षमताओं, गुणों और कमजोरियों का आकलन करें और आगे बढ़ते जाएं। आप जो हैं जैसे भी हैं, उसे स्वीकारें। खुद में नित्य नए गुणों को उभारें। हमेशा कुछ नया सीखने के लिए तैयार रहें। आपमें जो अच्छाइयां व गुण हैं, उन पर फोकस करें। अपनी समस्याओं को जानने और समझने की कोशिश करें। समस्या को समझने लगेंगे तो उसके हल के बारे में बेहतर ढंग से सोच सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए सकारात्मक सोच बहुत जरूरी है। खुद को यह बताएं कि आपके भीतर काम करने का जज्बा है और आप आगे बढ़ सकते हैं। इससे आप न सिर्फ अपने करियर में बेस्ट परफॉर्मेंस दे सकेंगे बल्कि आपका आंतरिक विकास भी होगा और आप हमेशा खुश रह सकेंगे। अंत में डॉ. गुंजन बजाज ने मुख्य वक्ता का आभार जताया और विद्यार्थियों से भी व्याख्यान में बताए गए सुझावों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### युवा बोलेः नुमाइंदा ऐसा होना चाहिए जो रोजगार के अवसर बढ़ाएं

# समस्याओं का हल करने वाले को वोट करेंगे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

लोकसभा चुनावों को लेकर मैदान सज चुका है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होना है। लगभग सभी पार्टियों द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा क्षेत्र सिरसा में भी प्रत्याशी चुनावी प्रचार में जुटे हुए है । इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर युवाओं का कहना है कि जो उम्मीदवार युवाओं की हक की आवाज उठाएगा उसे ही वोट देंगे। उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जो रोजगार के अवसर बढ़ाएं व युवाओं को हित की सोचे। युवाओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान करना मतदाताओं का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। प्रत्येक युवा को अपने मतदान का प्रयोग करना चाहिए और मतदान के महापर्व में अपनी भागीदारी देनी





चोपटा। परिचर्चा में शामिल युवा।

चाहिए।

### बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा

युवा सुमित बंसल ने कहा कि हर बार सरकार की तरफ से युवाओं के लिए सरकारी नौकरी देने के दावे किए जाते है। लेकिन वर्तमान में युवा बेरोजगारी की मार से जूझ रहे है । डिग्री डिप्लोमा होल्डर युवा भी ग्रुप डी की भर्ती के लिए आवेदन कर रहे है। ऐसे में युवाओं के हक की बात करने वाले उम्मीदवार को हो वोट देंगे । ताकि युवाओं को आवाज बुलंद हो सके है । मेरा लोकसभा चुनावों में पहला वोट है। ऐसे में मैं खुद भी मतदान करूंगा और अन्य युवाओं को भी बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील करूंगा।

### सरकार बनाने में युवाओं की अहम भागीदारी

इसी प्रकार संदीप सोनी ने कहा कि सरकार का निर्माण करने में युवाओं की हिस्सेदारी काफी महत्वपूर्ण है। सभी युवाओं को लोकसभा चुनाव में अपने मतदान का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। सरकार में युवाओं की अहम भागीदारी होगी। वर्तमान में युवाओं की स्थिति 'यादा अच्छी नहीं है। युवाओं को रोजगार की तलाश में दर-दर भटकना पड़ रहा है। पीएचडी करके भी युवा ग्रुप डी का पेपर देने को मजबूर है। ऐसे में उस उम्मीदवार को वोट देंगे जो रोजगार को बढ़ावा देगा।

### रोजगार की बात करने वाले को मिलेंगे वोट

कमल जांगड़ा ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार व उनकी समस्याओं को हल करने वाले उम्मीदवार को ही वोट दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव में मतदान करना मतदाताओं का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। चुनाव में उस प्रत्याशी को वोट देंगे जो युवाओं के हित के बारे में सोचेगा व रोजगारोन्मुखी नीति बनाकर युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देगा। प्रत्येक युवा को अपने मतदान का प्रयोग करना चाहिए और मतदान के महापर्व में अपनी भागीदारी देनी चाहिए।

## रोहिल्ला समाज एकजुट होकर करेगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर छिंपा-रोहिल्ला समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को संत शिरोमणि नामदेव टेलर मार्केट में पूर्व जिला अध्यक्ष राम अवतार कश्यप के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम अवतार पंवार ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ या विपक्ष उम्मीदवार को समर्थन देने व विधानसभा के चुनाव में समाज के व्यक्ति को मैदान में उतारने पर मंथन किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने आपसी पुनर्विचार के बाद 1 मई को समाज के लोगों की रायशुमारी के बाद लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करने का फैसला लिया जाएगा। जिला अध्यक्ष रामअवतार पंवार ने बताया कि छिंपा- रोहिल्ला समाज के सिरसा लोकसभा संसदीय सीट पर करीब 78 हजार मतदाता है, जो किसी पार्टी के उम्मीदवार को देश की सबसे बड़ी पंचायत का सदस्य बनने में विशेष भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए एक मई को उम्मीदवार के समर्थन से संबंधित फैसला लिया जाएगा। छिंपा-रोहिल्ला समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि संत शिरोमणि नामदेव सभा फतेहाबाद में महान संत नामदेव धर्मशाला बनाने के लिए लंबे समय से सरकार को ज्ञापन देकर जमीन अनुदान में देने की गुहार लगा चुका है। इसके लिए सांसद व विधायक के माध्यम से दो बार मुख्यमंत्री से भी अपनी मांग को लेकर मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इसको लेकर महान संत नामदेव जी के वंशज अब अपने अधिकारों को लेकर एकजुट हो चुके है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सभा के संरक्षक मास्टर होशियार सिंह रोहिल्ला, शर्मा चंद लाली, भूप सिंह, बुधराम फौजी, रामेश्वर दास, प्रमोद कुमार, कृष्ण लाल पंवार, सर्वजीत सिंह सागु, पंकज पाल पंवार आदि मौजूद थे।



## छुट्टियों के मिट्टी के खिलौने बनाने का देते थे काम

पहले टीचर गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को गिनती सिखाने के लिए 100 गारा मिट्टी की गोलियां बनाने का काम देते थे। इससे बच्चों को गिनती का अभ्यास हो जाता था। साथ ही कुत्ते, घोड़े और हाथी आदि बनाने के लिए कहा जाता था। गर्मियों में कॉपियों में कलम से सुलेख लिखने का काम दिया जाता था।

# बदल गया शिक्षा का स्वरूप, आज के विद्यार्थी नहीं जानते कलम और दवात



*पहले ऐसी शिक्षा होती थी, जिसमें बच्चों पर पढाई का दबाव नहीं होता था। पहले स्कूलों में बचपन खिलखिलाता था। गांव में बसने वाले गरीब व अमीर लोगों के सब बच्चे गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। 6 साल से पहले स्कूल में बच्चे का दाखिला नहीं लिया जाता था। छह साल तक बच्चा अपने माता पिता के पास ही फलता फूलता था। जब छह साल का हो जाता तो उसे तब ही विद्यालय में दाखिला मिलता था। ड्रेस के नाम पर बच्चों को आरामदायक कुर्ता पायजामा पहनाया जाता था, ताकि बच्चों को कोई परेशानी न हो।*

शिक्षा | राज कुमार नरवाल

पहले बचपन और तनाव का कोई संबंध नहीं था। बच्चे दिनभर हंसते, खेलते-कूदते और खिलखिलाते हुए दिखाई देते थे। उनको न होम वर्क की चिंता होती थी और न कपड़े गंदे होने का भय। क्योंकि आज से तीन दशक पहले तक प्रदेश में शिक्षा का स्वरूप ही अलग होता था। ऐसी शिक्षा होती थी, जिसमें बच्चों पर पढ़ाई का दबाव नहीं होता था। पहले स्कूलों में बचपन खिलखिलाता था। गांव में बसने वाले गरीब व अमीर लोगों के सब बच्चे गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। 6 साल से पहले स्कूल में बच्चे का दाखिला नहीं लिया जाता था। छह साल तक बच्चा अपने माता पिता के पास ही फलता फूलता था। जब छह साल का हो जाता तो उसे तब ही विद्यालय में दाखिला मिलता था। ड्रेस के नाम पर बच्चों को आरामदायक कुर्ता पायजामा पहनाया जाता था, ताकि बच्चों को कोई परेशानी न हो। उस समय जुराब, टाई, बेल्ट और जूते पहनने का कोई बंधन नहीं था। बच्चे बाथरूम चप्पल पहनकर ही स्कूल जाते थे। बच्चों की सुंदर लिखावट बनवाने के लिए तख्ती का प्रयोग किया जाता था। टीचर उस तख्ती पर पेंसिल के साथ टुटकने या कच्चे अक्षर निकालते थे। टीचर द्वारा लिखे हुए उन टूटकनों पर बच्चे कलम से लिखते थे। बच्चों से इस तरह लिखने का अभ्यास करवाया जाता था। काले रंग की एक पुड़िया आती थी। बच्चे एक दवात में थोड़ा पानी डालते थे और उसमें उस पुड़िया को मिला लेते थे। इस तरह काली स्याही तैयार हो जाती थी। उसके बाद बच्चे कलम से दवात में से स्याही लेते थे और तख्ती पर लिखते थे। गणित के सवाल निकालने के लिए बच्चे पत्थर की स्लेट का प्रयोग करते थे। कुछ बच्चे गत्ते की स्लेट भी ले आते थे। लेकिन पत्थर की स्लेट ही गणित के सवाल निकालने के लिए कारगर होती थी। इससे कागज की बचत होती थी। इस स्लेट पर बत्ती के साथ लिखा जाता था। बच्चे बत्ती से स्लेट पर बार बार अभ्यास करते थे। जिससे सवाल व गणित के फार्मूले आसानी से याद किए जाते थे। स्लेट व तख्ती होने की वजह से माता पिता का कापियों का खर्च बच जाता था।

### लैपटॉप, कम्प्यूटर व इंटरनेट से पढ़ना हुआ आसान

हरियाणा प्रदेश ने बीते कुछ दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की की है। नई शिक्षा पद्धति के जहां कुछ साइड इफेक्ट देखने को मिले हैं। वहीं शिक्षा में बहुत सुधार भी हुआ है। पहले ज्यादातर बच्चों के पास डिक्शनरी नहीं होती थी। किसी शब्द का हिंदी व अंग्रेजी अर्थ जानना होता तो बच्चों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। बीच में स्कूल की छुट्टी आ जाती तो स्कूल खुलने पर ही टीचर से उसका अर्थ जान पाते थे। लेकिन अब इंटरनेट का जमाना आ जाने के बाद तुरंत बच्चे अपने मोबाइल फोन पर किसी भी समस्या का समाधान तुरंत ढूंढ लेते हैं। हर तरह के गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र व अन्य विषयों के फार्मूले या जानकारी झट से मोबाइल पर मिल जाती है। अब तो घर बैठकर भी पढाई की जा सकती है। कोरोना महामारी के कारण स्कूल बंद हो जाने पर भी बच्चे अध्यापकों के संपर्क में रहे और ऑन लाइन क्लास चलती रही। लेकिन पहले ऐसा संभव नहीं था। अखबार, इंटरनेट, टेलिविजन और मोबाइल फोन आ जाने के बाद बच्चे बहुत कुछ सीख रहे हैं। मोबाइल फोन की वजह से पूरी दुनिया विद्यार्थियों की मुट्ठी में आ गई है। आज के बच्चे पहले के बच्चों से अधिक बुद्धिमान हैं और अंक भी अधिक हासिल कर रहे हैं। लेकिन मोबाइल फोन व इंटरनेट का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इंटरनेट से जहां बहुत कुछ सीखा जा रहा है, वहीं बच्चे कुछ गलत चीजें भी देख रहे हैं, जिसका नुकसान भी हो रहा है।




काली स्याही से लिखी तख्ती को पानी से बच्चे खुद धोते थे। जब लिखे गए अक्षर तख्ती पर रह जाते तो उस तख्ती को पोतने के लिए मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग किया जाता था। बच्चे खुद ही तख्ती पोतते थे। इससे उनमें खुद का काम खुद करने की आदत पैदा होती थी। अध्यापक बच्चों को गिनती व पहाड़े याद करवाने के लिए ऊंची आवाज में अभ्यास करवाते थे। स्कूल में बच्चे जब ऊंची आवाज में गिनती या पहाड़े याद करते थे तो दूर दूर तक पता चलता था कि स्कूल में जोर शोर से पढ़ाई चल रही है। ज्यादातर बच्चे अगली क्लास के पास हुए बच्चों से सेकेंड हैंड (पुरानी) किताबें खरीद लेते थे। पेंट, शर्ट, टाई, बैल्ट, बैग और भारी भरकम किताबों का खर्च उस समय नहीं होता था। अभिभावकों को मोटी फीस भी नहीं देनी पड़ती थी। उस जमाने में न स्कूल बस का किराया देना होता था और न ही माता पिता को लंच बॉक्स पैक करने का झंझट था। बच्चे आधी छुट्टी में घर आकर ही दोपहर का खाना खा जाते थे और पशुओं को बाहर भीतर बांधने व पशुओं को पानी पिलाने आदि के छोटे मोटे काम भी कर जाते थे। स्कूल के लिए बच्चों को बैग की जगह पर यूरिया व डीएपी खाद के प्लास्टिक के कट्टे का एक झोला सीलकर दे दिया जाता था व एक खाद का कट्टा उसमें और डाल दिया जाता था। ताकि वह क्लास में बैठने के लिए जमीन पर बिछाने के काम आ जाए। यह झोला जल्दी फटता नहीं था और वर्षों तक चलता था। उस समय बच्चों पर होम वर्क का दबाव नहीं होता था। अध्यापक ज्यादातर काम स्कूल में ही याद करवा देते थे। घर पर करने के लिए बच्चों को कम ही काम दिया जाता था। स्कूलों में शिक्षक खेलों पर विशेष ध्यान देते थे। बच्चों को परिश्रम करने की ट्रेनिंग विद्यालय में पढाई के दौरान ही दे दी जाती थी। जब भी विद्यालय में निर्माण चलता तो ईंट ढोने का काम भी बच्चों से करवाया जाता था। पौधों में पानी डालने और सप्ताह में एक बार विद्यालय प्रांगण की सफाई भी बच्चों से ही करवाई जाती थी।



### बहुत खुला होता था स्कूलों का वातावरण

पौधों में पानी डालने और सप्ताह में एक बार विद्यालय प्रांगण की सफाई भी बच्चों से ही करवाई जाती थी। ताकि बच्चे आलसी न बनें। बच्चे तनाव मुक्त व परिश्रमी होते थे, तो उनका स्वास्थ्य भी सही रहता था। उस जमाने में बच्चे हृटपुष्ट होते थे। स्कूलों का वातावरण भी बहुत खुला व हवादार होता था। स्कूलों में तरह तरह के पेड़ पौधे लगे होते थे। इनमें कई फलदार पेड़ भी होते थे। बच्चे इन पेड़ों से मौसमी फल खाते थे। उन दिनों सरकारी स्कूलों के पास स्थित खेतों में भी बाग होते थे। इन बागों में भी बच्चों को खाने के लिए फल मिलते थे। ईंख के गन्ने और गुड़ बनाने के कोल्हू भी विद्यालयों के आस पास ही मिले जाते थे।

### बच्चों पर तनाव और अभिभावकों पर बढ़ गया खर्च



जब से शिक्षा का निजीकरण हुआ है। तब से प्रत्येक गांव में प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं। प्राइवेट स्कूलों की आपस में चल रही प्रतिस्पर्धा का सीधा असर बच्चों के मन मस्तिष्क व अभिभावकों की जेब पर पड़ा है। स्कूल प्रबंधक महंगी किताबें खरीदते हैं। ज्यादातर प्राइवेट स्कूल बच्चों के लिए वही किताबें खरीदकर लाते हैं जिन पर पुस्तक विक्रेता या पब्लिसर अधिक छूट देता है। ज्यादा सिलेबस होगा तो पुस्तकें भी अधिक होंगी। पुस्तक अधिक होंगी तो कमाई भी ज्यादा होगी। जिस वजह से बच्चों के बस्ते का बोझ बढ़ता जा रहा है। बचपन भारी बस्तों के बोझ के तले दब गया है। पहले सरकारी स्कूलों में बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान सिखाया जाता था। कम खर्च में गरीब आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा सकता था। यदि नौकरी न मिलती तो बच्चे परिश्रम करके कमा खा सकते थे। अब पढाई ऐसी हो गई है, यदि नौकरी न मिले तो बच्चे शारीरिक श्रम वाला काम भी नहीं कर सकते। आरामदायक जीवन शैली की वजह से वर्तमान में युवक युवतियां संघर्ष के समय हार जाते हैं। बहुत तो आत्महत्या तक कर लेते हैं। पहले स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ काम करना और बड़े बूढ़ों की सेवा करना सिखाया जाता था। वर्तमान समय में स्कूलों में बच्चे पेंट, शर्ट, टाई व बेल्ट का प्रयोग करते हैं। जबकि पहले खुले कपड़े पहनने का रिवाज था। वेद, पुराणों और नैतिक शिक्षा की बात सिखाने के लिए संस्कृत पढाई जाती थी। लेकिन अब स्कूलों में संस्कृत अनिवार्य विषय नहीं रहा। बच्चों को कला सिखाने के लिए ड्राइंग पढाई जाती थी। लेकिन अब यह विषय भी जरूरी नहीं रहा।

---

रागनी | विश्वबंधु शर्मा



## यो कैसा खेल दिखाया

यो कैसा खेल दिखाया सै, यो मैं जाणू या वो जाणै ।
नर नारी जगत रचाया सै, यो जग जाणै या वो जाणै ।।टेक ।।

खुद नै आकाश बणाया सै, आकाश म्ह स्वयं समाया सै ।
फिर पाणी पवन रचाया सै, अग्नी का गेड़ा लाया सै ।
धरती आधार बणाया सै, खुद धरण रूप धर आया सै ।
यह माया खेल रचाया सै, भगत जाणताया वो जाणै।

पाँचाँ नै गेड़ा लाया सै ,फिर चोला एक बणाया सै ।
उस चोले को अप णाया सै , तूँ चोले बीच समाया सै ।
पर नजर कदे ना आया सै, यो मोह का कुंडा लाया सै ।
यो दल दल लोभ बणाया सै, मैं धसता जाता वो जाणै।

हाँगा पूरा मनै ला लिया, के अहं डोब दे चोडै ना।
तृष्णा पड़गी मेरे गेल्यां, के पागल मनवा दौड़े ना।
मृगतृष्णा मह मनुवा फस ग्या, वो भाज्या जावैबोहडै ना।
वो नेह प्रीत नै तोड़ै ना, मैं ना जाणू वो खुद जाणै।

जीव को कहते अंश तेरा, क्यूँ जीव रूप मैं आया सूँ।
पत्नी पुत्र पोत्र पोत्री, क्यूँ ममता बीच फ्रसाया सूँ।
अपणे तन तैं न्यारा कर कें, क्यूँ भँवरी बीच धकाया सूँ।
मैं जर तैं नहीं अघाया सूँ, मैं खुद ना जाणू वो जाणै।

चौथापण नासोधी आई, क्यूँ मरता फिरूँतिसाया सूँ।
रै न्यू करले तूँ न्यू करले, लोगाँ नै खूब भकाया सूँ।
इत सतरह बीच फसा कें प्रभु ,जग कोठे मैं भरमाया सूँ।
इत खाली हाथा आया सूँ , यह [redacted]जाणूअर तूँ जाणै।

पूजा और चढ़ावा कोनीं, मैं हि[redacted] कर दर आया सूँ।
प्रभु मेरा इत कुछ बी ना सै, मै [redacted] दिखाणे आया सूँ।
जग झंझट को छोड़ छाड़ अब, [redacted]शीरामशरण आया सूँ।
बन्धु मैं अश्रु जल ल्याया सूँ, अब गुरु जाणै या वो जाणै।

गीत | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## जय श्री राम

सिया राम, सिया राम, सिया राम,
नाम लिए मन में धार, हो जाएगा तेरा उद्धार
सच्चे दिल से राम पुकार, राम है सबके सृजनहार
अपना मन लिए थाम, सिया राम, सिया राम

विष्णु जी के ये अवतार आये मृत्युलोक देहधार
भगतों पर करते उपकार दुष्टों का करे संहार
दिन और रात आठों याम सिया राम, सिया राम

मर्यादा के रचनाकार, अपने करो शुद्ध विचार
जीवन में आये निखार, सदबुद्धि और शाकाहार
धर्म सनातन का पैगाम, सिया राम, सिया राम

मंगल जीवन अहिल्या नार, सबरी पर बरसया प्यार
ऋषि हवन के सूत्रधार, दशानन को दिया मार
विभीषण सौंपा राज तमाम, सिया राम, सिया राम ,

पाँच सौ वर्ष का इन्तजार, अब अयोध्या दई सिंगार
भव्य मंदिर किया तैयार, ये गये विरोधी सारे हार
बना अयोध्या सुन्दर धाम सिया राम, सिया राम,

मात पिता के आज्ञाकार, नक्शे क़दम चले संसार
यही छवि है पुजनहार, महेन्द्र सिंह करें मनुहार
दोनों वक्त सुबह शाम सिया राम, सिया राम

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

ऋद्धा | 100 साल से एक ही परिवार कर रहा सिलाई, दो साल की अग्रिम बुकिंग, 2037 में आएगा नंबर

# माता बाला सुंदरी को वस्त्र पहनाने के लिए वर्षों का इंतजार



**बुकिंग**
वस्त्र सिलने वाले दर्जी पर करानी पड़ती है बुकिंग

**श्रद्धालु**
नवरात्रि के दिनों में लगता है श्रद्धालुओं का तांता

**दर्शन**
नंबरदार सोराज को माता ने सपने में दिए दर्शन

मंदिर | सुभाष शर्मा

मुलाना का माता बाला सुंदरी मंदिर आस्था का प्रतीक है। मंदिर के बारे में विशेष बात है कि यहां माता रानी के वस्त्रों को श्रद्धालु हर साल बारी के हिसाब से चढ़ाते हैं। मंदिर में माता रानी को वस्त्र पहनाने की इच्छा रखने वाले श्रद्धालुओं को वर्षों का इंतजार करना पड़ता है। हर वर्ष श्रद्धालु माता बाला सुंदरी के लिए वस्त्र पहनाने के लिए अपना नाम अंकित कराते हैं। बारी के अनुसार उन का नंबर आता है। माता को नए वस्त्र पहनाने के लिए 12 साल की अग्रिम बुकिंग चल रही है। 2024 के चैत्र महीने के नवरात्रों में यहां के रहने वाले एक परिवार ने इस सेवा को अदा किया है। एनएच 344 के नजदीक बने माता बाला सुंदरी



मंदिर में नवरात्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। सैंकड़ों की संख्या में आकर श्रद्धालु माता के दर पर नतमस्तक होकर और मन्नत मांगते हैं।

### प्रचलित है दंत कथा

एक दंत कथा प्रचलित है कि एक बार गांव में प्लेग की भयानक बीमारी फ़ैल गई थी। लोग इस बीमारी से भयग्रस्त थे। प्लेग की चपेट में आने से गांव में हर रोज मौते हो रही थी। कहते हैं कि गांव के लोग दाह संस्कार कर के लौटते ही थे कि कोई न कोई व्यक्ति तब तक गांव में मृत अवस्था में मिलता था। पूरे गांव में प्लेग की भयकंर बीमारी ने लोगो में भय पैदा कर रखा था। तभी इसी दौरान गांव के साथ लगती मारकंडा नदी में से एक चूड़ियां बेचने वाला गुजर रहा था तो रास्ते में उसे एक कन्या दिखाई दी। वह कन्या दौड़ कर उस चूड़ी बेचने वाले के समीप आई और उस कन्या ने उस से चूड़ी पहनाने की जिद की। चूड़ी बेचने वाले व्यक्ति ने उसकी दोनों बाजुओं में चूड़ी पहना दी तभी उस कन्या ने तीसरी बाजु भी आगे कर दी। इस घटना से चूड़ी बेचने वाला घबरा गया तथा वहां से आकर उस ने यह बात गांव के लोगों को बताई। लोगों ने उसे समझाया कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कन्या के रूप में दिए दर्शन मां भगवती का अवतार है। गांव में मां भगवती का आगमन हो चुका है। अब शीघ्र ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। कहते हैं कि उसी रात मां बाला सुंदरी ने गांव के नंबरदार के स्वप्न में आकर एक स्थान दिखाते हुए कहा कि इस स्थान पर 5 ईटें रख कर उस के भवन का निर्माण करवाया जाए। अगली सुबह ऐसा करते ही गांव से प्लेग की भयंकर बीमारी ख़त्म हो गई।

### वर्ष 1426 में हुआ था मंदिर का निर्माण

कुछ वर्ष पहले वर्ष माता बाला सुंदरी मंदिर का रिकॉर्ड राजस्थान के भाटों के यहां से प्राप्त हुआ है। भाटों के अनुसार वह मुलाना में क्षत्रीय समाज के यहां साल में एक बार जाते हैं।भाटों ने मंदिर कमेटी को बताया कि कस्बे को 1422 में बसाया गया था। मां बाला सुंदरी मंदिर का निर्माण सन 1426 में कराया गया था। 1425 में गांव के नंबरदार सोराज सिंह के सपने में माता ने दर्शन देकर मंदिर का निर्माण कराने व साथ ही ताल की खुदाई कराने की बात कही गई थी। ऐसी लिखित बातें भाटो के दस्तावेजों में दर्ज है।

# 'ताऊ नै पाछै हटा कै' शिखर पर पहुंचे रामकेश जीवनपुरिया

◆ शुरू में पिता ने जताया विरोध आज सबसे बड़े फैन ◆ पत्नी ने दिया भरपूर सहयोग करती हैं मोटिवेट ◆ सामाजिक सरोकार से जुड़े लिखे गीतों ने मचाई धूम

कलाकार | शशि कांत चौहान

कहते हैं कि कलम में बहुत ताकत होती है। आप जो भी लिखते हैं उसका समाज का बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है। फिर वही समाज आपको सिर आंखों पर बिठा लेता है। ऐसा ही कुछ रामकेश जीवनपुरिया के साथ हुआ। उन्होंने हट जा ताऊ पाछै नै ऐसा लिखा कि इस गीत ने उनको शिखर पर पहुंचा दिया।यह उनका पहला गीत था और इसे आवाज विकास कुमार ने दी थी यह इतना बड़ा हिट हुआ कि आज भी हर कार्यक्रम में डीजे पर खूब बजाता है और लोग इसका खूब आनंद उठाते हैं।

### बचपन से था शौक

किसान परिवार में 10 अगस्त 1981 को जन्मे रामकेश के पिता श्री राम निवास दसवीं पास हैं और माता श्रीमती इंद्रा देवी गृहिणी हैं। रामकेश की प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल में हुई। हाई स्कूल के लिए ने पड़ोस के गांव जाना पड़ा। क्योंकि गीत संगीत में रुचि बचपन से ही थी इसीलिए इन्होंने ग्रेजुएशन संगीत में की। ऐसे हुई शुरुआत रामकेश ने जब एक दिन रणबीर बड़वासनिया को स्टेज पर रागनी करते हुए देखा तो वहीं से उन्हें दिल में अपना गुरु मान लिया और लिखना शुरू किया। हालांकि इस दौरान उन्हें कोई मंच नहीं मिला था इसके बाद रणबीर बड़वासनिया से मुलाकात हुई और इसके बाद उन्होंने विधिवत गुरु धारण किया। इसी दौरान जब उनके दादा गुरु जगन्नाथ समचाना वाले ने उनके गीत देखें तो उन्हें अपने



पास बुलाया और तमाम बारीकियां समझाई।

### हट जा ताऊ पाछै नै पहला हिट

जब रामकेश का पहला गीत हट जा ताऊ पाछै नै रिलीज हुआ तो रामकेश जीवनपुरिया को नई पहचान मिली और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके साथ ही एक के बाद एक बड़े हिट गीत आए, जिनमें सपने में रात में आई, सारा रोला पतली कमर का जैसे गीत शामिल हैं। इसके बाद सतीश सहगल जो म्यूजिक कंपोजर भी हैं उन्होंने रामकेश से गीत गाना शुरू करवाया। 'पहले आली हवा रही ना पहले बाणा' गायक के तौर पर उनका पहला गीत था।



### पीएम ने की तारीफ

रामकेश ने पहले ही गीत के बाद गायन में भी धूम मचा दी यह गीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुना और उनको बुलवाया उन्हें सम्मानित भी किया इसके बाद 'बचपन' 'मैं भारत बोल रहा हूं' 'कितना बदल देश' 'कलयुग' और 'संस्कार' भी सोशल मीडिया पर खूब देखे गए।

### सम्मान व पुरस्कार

हरियाणवी जन-मानसको उद्वेलित करने वाले रामकेश जीवनपुरिया को अनेक संस्थाएँ सम्मानित कर चुकी हैं। इसी सम्मान श्रृंखला की कड़ी में एक और कड़ी जोड़ते हुए हिन्दी साहित्य प्रेरक संस्था जीन्द भी अ मिसरी जुगलाल स्मृति साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया।

### फिल्में लिखी, अभिनय किया

रामकेश जीवनपुरिया ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। उन्होंने 'छप्पर पाड़ कै' 'किसान बिजनेसमैन' 'प्रेरणा' 'सफर म्हैं हमसफर' और लख्मीचंद हरियाणवी जैसी फिल्में बनाई खास बात यह है कि यह फिल्में उन्होंने खुद ही लिखी और अभिनय भी किया उनके अभिनय को खूब सरहाना भी मिली। रामकेश जीवनपुरिया के गीत और फिल्म लेखन में सामाजिक मुद्दों पर ज्यादा फोकस रहा है। शुरुआत में तो उन्होंने जरूर मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए गीत लिखे थे लेकिन बाद में उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने देशभक्ति को भी अपने लेखन में खास तवज्जो दी। रामकेश कहते हैं कि आजकल लेखक पब्लिक की पसंद को ध्यान में रखते हुए अपनी कलम चलता है तो निश्चित ही लेखन के स्तर में गिरावट आती है।

### परिवार का भरपूर सहयोग

परिवार का भरपूर सहयोग रामकेश बताते हैं कि उनके परिवार में गीत संगीत का कोई माहौल नहीं था इसलिए शुरुआत में उनके पिता ने इस क्षेत्र में जाने का उनका विरोध किया था लेकिन जब उन्होंने उनके गीत और फिल्में देखी तो उन्होंने उसका हौसला बढ़ाया और आज वे उनके सबसे बड़े फैन हैं। रामकेश को उनकी पत्नी से भी पूरा सहयोग मिला और उन्होंने हर कदम पर साथ दिया। अगर कभी उन्हें निराशा हुई तो उनको मोटिवेट किया।

**खबर संक्षेप**

## व्यक्ति से नकदी छीनने के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने निजी अस्पताल के वेटिंग हाल में बैठे बरवाला के वार्ड 15 निवासी पवन कुमार से दो युवकों द्वारा 11 हजार रुपए छीनने के मामले में दूसरे आरोपी सिरसा के शाहपुरिया निवासी सुभाष चंद्र को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक हनुमान ने बताया कि इस संबंध में बरवाला निवासी पवन कुमार ने अर्बन एस्टेट चौकी में शिकायत दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की और एक आरोपी किरढान निवासी मुकेश कुमार को पहले गिरफ्तार कर लिया था। दूसरे आरोपी शाहपुरिया निवासी सुभाष चंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

## नैना चौटाला के कार्यालय का शुभारंभ

**आदमपुर।** आदमपुर क्लॉथ मार्केट में रविवार को हिसार लोकसभा से जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नैना चौटाला ने कहा कि हिसार क्षेत्र का विकास दुष्यंत चौटाला ने किया है तथा बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए मजदूर, किसान व जनता के हित में कार्य किए हैं। इस मौके पर रणपतराम नूनिया, रमेश गोदारा, बारसिंह, भरत सिंह, मुंशीराम, बलराज बेनीवाल, राजकुमार, अजमेर सलेमगढ़, सिद्धार्थ गोदारा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चुनाव कार्यलय उद्घाटन पर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम

**बरवाला।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि नैना चौटाला संसद में हिसार की जनता को आवाज और हरियाणा को पहचान देंगी। राष्ट्रीय दलों के सांसद हरियाणा की आवाज संसद में उठने में विफल रहे हैं। दुष्यंत चौटाला रविवार को बरवाला में पार्टी प्रत्याशी एवं अपनी माता के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 तक अपने संसदीय कार्यकाल में जो भी कार्य किए वे सभी मील के पत्थर साबित हुए हैं। इसलिए निश्चित तौर पर नैना चौटाला को 2014 में मुझे मिले वोटों को सवाया करके हिसार की जनता माता जी को संसद में भेजने का काम करेगी।

## रुपये चुराने और आपत्तिजनक वीडियो भेजने के मामले में गिरफ्तार

हिसार। थाना शहर हिसार पुलिस ने यहां की एक महिला के घर से नकदी चुराने और आपत्तिजनक वीडियो भेजने के मामले में गंगवा निवासी विष्णु को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रिशाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में महिला ने उसके घर से पिछले वर्ष 14 जुलाई को 30 हजार रुपए चुराने और फोन करने पर आपत्तिजनक वीडियो भेजने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विष्णु को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी विष्णु के भाई ने नकदी चुराई थी और आरोपी विष्णु ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो भेजकर अभद्र व्यवहार किया था। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### यूपीएससी परीक्षा परिणाम में पाई सफलता

# यूपीएससी में 46वां रैंक हासिल करने वाले भावेश का स्वागत





हिसार। भावेश ख्यालिया का स्वागत करते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

भावेश ख्यालिया को तोशाम से बाइकों के काफिले के साथ झांवरी लाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

यूपीएससी परीक्षा परिणाम में झांवरी गांव निवासी भावेश ख्यालिया के 46वां रैंक प्राप्त करने पर उनका सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। यूपीएससी की परीक्षा पास कर जिला का नाम रोशन करने वाले भावेश ख्यालिया को तोशाम से बाइकों के काफिले के साथ झांवरी लाया गया और झांवरी व आसपास गांव के गणमान्य लोगों, युवाओं, छात्रों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया तथा अन्य युवाओं को भावेश से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने पगड़ी व फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। गांव के सबसे बुजुर्ग देवकरण धानक व पूर्व हरियाणा केसरी हवासिंह पहलवान ने पगड़ी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। भावेश के ताऊ युद्धबीर सिंह सेवानिवृत कमिश्नर व चाचा एचसीएस राजेश ख्यालिया का भी फूलमालाओं से स्वागत किया गया। भावेश ने ठेठ देसी हरयाणवी भाषा में ग्रामीणों व बच्चों को संबोधित किया और अपनी कामयाबी के बारे में बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे भी अपने जीवन का लक्ष्य तय करे तथा उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत करे, क्योंकि मेहनत को ही सफलता की चाबी कहा गया है।

**ग्रामवासियों का जताया आभार**

भावेश के पिता राजकुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामवासियों का आभार जताया। भावेश ख्यालिया ने कहा कि परिवार में कामयाबी की शुरूआत ताऊ डा. युद्धबीर सिंह से हुई और उसी विरासत को उन्होंने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से मेहनत करते रहने से एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, ताऊ, परिवार के अन्य सदस्यों व दोस्तों को दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए और कड़ी चुनौतियों का कड़ी मेहनत से सामना करना चाहिए और सफलता अपने आप आपके कदम चुमेगी। इस अवसर पर धर्मवीर मास्टर, राजकुमार, कृष्ण ख्यालिया, सेवानिवृत सूबेदार चांदवीर, संजय, राकू सेठ, लोकेश, कमल सिंह, आशू कुमारी सरपंच, राजपाल, पटवारी रमेश, बनवारी लाल, पूर्व सरपंच रामचंद्र, पूर्व सरपंच संजय ख्यालिया, चन्द्रभान, इन्द्र आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## जेईई मेन परिणाम में 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए केशव ने

**हिसार।** हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र केशव सोनी और उसके परिजनों को जेईई मेन 2024 में 99 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर दी बधाई दी है।



केशव सोनी पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के तौर पर तैनात धर्मबीर सिंह के पुत्र हैं। एडीजीपी डॉ. एम. रविकिरण ने केशव व उसके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस विभाग के कर्मी के एक बच्चे का जेईई मेन में इतने अच्छे अंक लाना न सिर्फ़ बच्चे बल्कि उसके पूरे परिवार और स्कूल के अध्यापकों के मेहनत को भी परिलक्षित करता है। उन्होंने हिसार रेंज के उन सभी बच्चों और परिजनों को भी बधाई दी जिन्होंने जेईई मेन की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। डीएवी पुलिस पब्लिक की प्राचार्या इंदु शर्मा, एडीजीपी कार्यालय में तैनात रीडर नरेश कुमार, सिक्योरिटी इंचार्ज दिनेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों ने भी केशव सोनी और उसके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# सरदार सुखसागर सिंह भूमि अधिग्रहण मुक्ति विभाग के चेयरमैन नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह को कमेटी के भूमि अधिग्रहण मुक्ति विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उन्हें कमेटी अध्यक्ष द्वारा यह जिम्मेवारी दी गई। कमेटी प्रमुख शासन सचिव की ओर से उन्हें नियुक्ति संबंधी पत्र दिया गया।

इसके साथ ही कमेटी की ओर से स. सुखसागर के साथ कार्य करने के लिए दो सदस्यों गुरुमीत सिंह सिवान व प्रकाश सिंह साहूवाल को भी नियुक्त किया गया है। स. सुखसागर ने कहा कि वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य के तौर पर अपने दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। अब कमेटी की ओर से उन्हें यह नई जिम्मेवारी दी गई है जिसे वे बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधन व भूमि अधिग्रहण मुक्ति सहित अन्य मामलों के संबंध पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा



तथा भूमि अधिग्रहण मुक्ति संबंधी जो भी मामले होंगे उनका प्राथमिकता के साथ निपटान करवाया जाएगा। उन्होंने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को उन्हें यह पद सौंपे जाने के लिए आभार जताया और विश्वास दिलाया कि उनकी उम्मीदों के अनुरूप ही गुरुद्वारा प्रबंधन व भूमि अधिग्रहण संबंधी मामलों का कार्य पूरी तत्परता से किया जाएगा।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना हांसी पुलिस ने चोरी की एक स्कूटी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर व हाल धोबी घाट निवासी दिनेश कुमार तथा कर्ण के रूप में हुई है। थाना शहर हांसी में तैनात मुख्य सिपाही बादल ने बताया कि विशेष अभियान के तहत गश्त पड़ताल के दौरान भिवानी रोड़ पर दो स्कूटी सवार व्यक्तियों को शक के आधार पर रुकवाकर स्कूटी के कागजात बारे पुछा तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और ना ही स्कूटी कागजात के कागजात प्रस्तुत कर पाए। जांच अधिकारी ने बताया कि स्कूटी के इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर जांच की गई तो यह



चोरी की स्कूटी के साथ पकड़े गए दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

स्कूटी थाना शहर हिसार के क्षेत्र से चोरी हुई पाई गई। आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए स्कूटी पर मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट लगा रखी थी पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ मिले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर स्कूटी को कब्जा में लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

## भाजपा ही देश को मजबूत और विकसित बनाने में सक्षम : रणजीत सिंह

**हिसार।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि देश की जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। जनता ने जान लिया है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ही देश को विकसित व मजबूत राष्ट्र बनाने में सक्षम है। रणजीत सिंह रविवार को आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान ढ़ाणी सीसवाल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल के दौरान देश ने हर क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की है। सरकार ने किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित हर वर्ग के हित में कल्याणकारी योजनाएं शुरू करके इन वर्गों को उनका लाभ दिया ताकि हर नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल सकें।

# साधकों ने योग, सूर्य नमस्कार, पद्मसाधना, प्राणायाम के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई की ओर से साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने के लिए दिव्य-सुदर्शन क्रिया फॉलोअप का आयोजन किया गया। साधकों ने योग, सूर्य नमस्कार, पद्मसाधना, प्राणायाम के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया।

स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि आज का सत्र दो स्थानों, भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर में आयोजित किया गया जिसका संचालन डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर परीक्षित आर्य एवं ईश्वर सैनी ने किया। फॉलोअप के पश्चात भारत माता मंदिर में परीक्षित ने कहा कि इस समय विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का महापर्व मनाया जा रहा है, जो है मतदान।

उन्होंने कहा कि देश के एक ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को मतदान करना चाहिए। जिन लोगों ने पंजीकरण कराया है, उन्हें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। यह आपका पवित्र कर्तव्य है। हमारे खुद के मतदान के साथ हमें अपने आसपास की भी जिम्मेदारी ले कर सभी को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट का महत्व है और देश का भविष्य हर वोट पर निर्भर करता है।



हिसार। वोट डालने की शपथ लेते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

# इंटक का स्थापना दिवस मनाने के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

इंटक के तहसील नारनौंद कार्यालय में तहसील के सभी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नारनौंद तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने की। बैठक में इंटक के प्रदेश महामंत्री धर्मवीर सिंह लोहान, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नैन व जिला हिसार इंटक के अध्यक्ष जोरा सिंह पावड़ा भी उपस्थित हुए। बैठक में इंटक यूनियन का स्थापना दिवस 3 मई को मित्तल धर्मशाला में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नारनौंद तहसील के सैंकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय भवन निर्माण वन एवं लकड़ी श्रमिक संघ के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान एवं हिसार लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश उर्फ जेपी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा इंटक के महामंत्री धर्मवीर सिंह लोहान व हरियाणा इंटक के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नैन मीटिंग का संचालन जिला हिसार के प्रधान जोरा सिंह पाबड़ा करेंगे। इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण रूप से कामयाब करने के लिए सभी साथियों की गांव वाइज जुम्मेवारी दी गई। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की स्थापना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, गुलजारीलाल नंदा, बल्लभभाई पटेल, बाबा साहब अंबेडकर जैसे महान नेताओं के कर कमलों द्वारा की गई थी और उनके मार्गदर्शन अनुसार ही इस संगठन को चलाया जा रहा है। इंटक जिओ और जीने दो की नीति पर संगठन काम कर रहा है मजदूर और मालिक के बीच की कड़ी बनकर दोनों पक्षों को देखकर संगठन चलाया जा रहा है। इस बैठक में संजय मित्तल, चतर सिंह खेडी जालब, सतबीर सिंह माढ़ा, संजीव मोठ, फूलकुमार ठेकेदार मिलकपुर, ईश्वर सिंह राजथल, ललित लोहान, केशर गहलोत, रामधारी लोहान आदि मौजूद थे।



नारनौंद। बैठक में भाग लेते इंटक के पदाधिकारी धर्मवीर लोहान आदि। फोटो: हरिभूमि

# ब्रह्मनाद ध्यान आत्मा का संगीत : आचार्य गगन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ओशो धारा साधना केंद्र पर आचार्य गगन ने ब्रह्मनाद ध्यान करवाया। आचार्य गगन ने कहा कि ब्रह्मनाद ध्यान में शब्दों और ध्वनियों के माध्यम से मन को एकीकृत किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मन को स्थिर करना, चित्त को शांति प्रदान करना और आत्मसाक्षात्कार की प्रक्रिया में मदद करना होता है। इस ध्यान का मुख्य उद्देश्य ब्रह्म या अनंत और अद्वितीय सत्य के साथ एकीभाव का अनुभव करना है। ब्रह्मनाद ध्यान में व्यक्ति अपनी आत्मा को ब्रह्म के साथ मिलाकर रहता है और उसे समरसता और पूर्णता की अद्वितीयता का अनुभव होता है। इस प्रकार का ध्यान अक्सर योग और धार्मिक साधनाओं के साथ जुड़ा होता है, जो आत्मा की सांगीतिकता और एकता की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। ध्यान में समर्थ बनने के लिए, व्यक्ति को अपने विचारों को शांति और एकाग्रता की स्थिति में ले जाने का प्रयास करना पड़ता है। विचारों की उपेक्षा और अंतर मन की स्थिति की प्राप्ति ब्रह्मनाद ध्यान के माध्यम से होती है। यह ध्यान व्यक्ति को साक्षात्कार में ले जाने के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान कर सकता है, जिससे उसे अपने आत्मा के साथ एक मेल का अनुभव हो सकता है। ब्रह्मनाद ध्यान का अभ्यास व्यक्ति को समरसता, प्रेम और सच्चाई के साथ जुड़ने का एक अद्वितीय मार्ग प्रदान कर सकता है, जिससे उसे जीवन को समर्थन और समर्पण के साथ जीने का नया दृष्टिकोण प्राप्त हो सकता है। ज्ञात रहे कि कोई भी ध्यान आपको किसी गुरु या प्रशिक्षित आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए।



हिसार। ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

***हर सप्ताह पूरे देश में ध्यान योग का कार्यक्रम तय***

*ध्यान के बाद ओशोधारा, हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने साधकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ओशोधारा के कार्यक्रम वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से प्रमाणिक है और ध्यान को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर सप्ताह पूरे देश में ध्यान योग का कार्यक्रम तय किया गया है।*

# हमारा प्यार हिसार वाटर वर्क्स की दीवार पर वारली पेंटिंग से सुंदर कलाकृतियां बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

खेलों का हमारे जीवनशैली में बड़ा महत्व है। आज की कंप्यूटर आधारित और तेज ज़िंदगी में व्यायाम और खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए हमारा प्यार हिसार ग्रुप ने रविवार को तोशाम रोड पर आधार हस्पताल के पास चौक पर वाटर वर्क्स की दीवार पर वरली आर्ट्स से सुंदर कलाकृतियों से लोगो को जागृत करने का फैसला लिया। ग्रुप के आर्टिस्ट सदस्य हरीश चन्द्र ने खेलों का जीवन में महत्व परिवेश पर आधारित पेंटिंग्स की रूपरेखा एक दिन पहले ही तैयार कर दी थी जिसे आज सब सब सदस्यों ने मिल कर पूरा कर दिया। राहगीरों ने भी सुंदर दीवार पर पेंटिंग्स की भूरि भूरि प्रशंसा की। अभियान में डॉ. सुरेन्द्र गर्ग, डॉ. हरीश भाटिया, हरीश चन्द्र, मनीष गोयल, जितेन्द्र बंसल, डॉ. विजय कादयान, सत्येंद्र यदुवंशी, दिनेश बंसल, डॉ. हरिशंकर सिंघा, डॉ. राज वर्मा, मनदीप पूनिया, रमेश, प्रवीण अग्रवाल, संजय गर्ग, कुशाग्र मेहता, साहिल, युद्धवीर पान्नू, आकाश पान्नू, नवाब, राजेश कुमार, कमल आदि मौजूद थे।



हिसार। वारली पेंटिंग करते हमारा प्यार हिसार के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# वॉलीवॉल में नेता व नेहरू सदन की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना मंडी

अंतर सदनीय साप्ताहिक गतिविधियों की श्रृंखला में कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की टीमों का वॉलीवॉल मैच आयोजित किया गया। कनिष्ठ वर्ग की टीम में छठीं से आठवीं व वरिष्ठ वर्ग में नौंवी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए कनिष्ठ वर्ग में गांधी व नेता सदन तथा वरिष्ठ वर्ग में गांधी व नेहरू सदन की टीमें फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के साथ विपक्ष को करारी हार देते हुए नेता व नेहरू सदन की टीमें क्रमशः कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में विजेता बनीं। विजेता टीमों को स्कूल प्रबंधक डॉ. केसी. शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया ने शाबाशी दी व शानदार जीत के लिए बधाई दी। डॉ. शालू एस. कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों को हार जीत की भावना से नहीं, खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन व आपसी मेल-जोल की भावना बढ़ती है।

- **कनिष्ठ वर्ग की टीम में छठीं से आठवीं व वरिष्ठ वर्ग में नौंवी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया**

### रेलवे को हर रोज हो रहा है लाखों रुपये का नुकसान, यात्री परेशान

# किसान आंदोलनः कई रूटों पर प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल पर किसान आंदोलन के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कई ट्रेनें रद रहने से यात्रियों को हर रोज परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे जहां रेलवे को हर रोज लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है वहीं लोगों के कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। प्रवक्ता ने बताया कि गाडी संख्या 04487 रोहतक-हांसी रेलसेवा 29 अप्रैल से 3 मई तक रद हेगी। गाड़ी संख्या 04488 हांसी-रोहतक रेलसेवा 30 अप्रैल से 4 मई तक रद रहेगी।

**आज से 1 मई तक ये ट्रेनें रहेंगी रद**

-गाडी संख्या 04573 सिरसा-लुधियाना रेलसेवा
-गाडी संख्या 04574 लुधियाना.भिवानी रेलसेवा
-गाडी संख्या 04575 हिसार-लुधियाना रेलसेवा
-गाडी संख्या 04576 लुधियाना.हिसार रेलसेवा
-गाडी संख्या 04743 हिसार-लुधियाना रेलसेवा
-गाडी संख्या 04744 लुधियाना-चूरू रेलसेवा
-गाडी संख्या 04745 चूरू.लुधियाना रेलसेवा
-गाडी संख्या 04746 लुधियाना-हिसार रेलसेवा
-गाडी संख्या 14654 अमृतसर-हिसार रेलसेवा
-गाडी संख्या 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश रेलसेवा
-गाडी संख्या 14816 ऋषिकेश-श्रीगंगानगर रेलसेवा

**30 से 2 मई तक ये ट्रेनें रहेंगी प्रभावित**

-गाडी संख्या 04571 भिवानी-धुरी रेलसेवा
-गाडी संख्या 04572 धुरी-सिरसा रेलसेवा
-गाडी संख्या 14653 हिसार.अमृतसर रेलसेवा

***आंशिक रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)***

-गाडी संख्या 14526 श्रीगंगानगर-अम्बाला रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14525, अम्बाला-श्रीगंगानगर रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक अम्बाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14661 बाडमेर-जम्मू तवी रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक बाडमेर से प्रस्थान करने वाली दिल्ली तक संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14662, जम्मू तवी.बाडमेर रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली दिल्ली से संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14735 श्रीगंगानगर-अंबाला रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14736 अंबाला-श्रीगंगानगर रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक अंबाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14887 ऋषिकेश-बाडमेर रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक ऋषिकेश से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी।
-गाडी संख्या 14888 बाडमेर-ऋषिकेश रेलसेवा 29 अप्रैल से एक मई तक बाडमेर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी।

***मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)***

-गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मू तवी रेल सेवा 29 अप्रैल से एक मई तकअजमेर से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया जाखल-धूरी-लुधियाना होकर संचालित की जाएगी।
-गाड़ी संख्या 12414, जम्मू तवी-अजमेर रेल सेवा 29 अप्रैल से एक मई तक जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-धूरी-जाखल होकर संचालित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संतों की महिमा परम्पार है : श्रीपाल मुनि

**रतिया।** जैन संत श्रीपाल मुनि महाराज, शीतल मुनि महाराज व अखिल मुनि महाराज पदाविहार कर रतिया पहुंचे। रतिया के जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए श्रीपाल मुनि महाराज ने कहा कि भारतीय जनमानस में गंगा का बड़ा महत्व है। सनातन धारणा है कि गंगा में स्नान करने से सब पाप धुल जाते हैं। इससे पाप को बढ़ावा मिलेगा, कोई भी व्यक्ति कितना ही पाप करो और स्नान करके पवित्र हो जाओ। जैन दर्शन कहता है कि इस द्रव्य गंगा में स्नान करने से पाप नहीं धुलते, अपितु इससे तो मात्र शरीर शुद्धि ही होती है।

### मकान से हजारों की नकदी व गहने चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव मिराना में एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी व गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही सदर रतिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। सदर रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव मिराना निवासी मीनू ने कहा है कि उसका पति किसी काम से चण्डीगढ़ गया हुआ था। इसके बाद वह अपने भी अपने दोनों बच्चों के साथ घर को ताला लगाकर अपने मायके टोहाना चली गई थी।

### टोहाना सरकारी अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस टोहाना के सरकारी अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव खनौरा निवासी बिट्टू ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने मोटरसाइकिल को सिविल अस्पताल के सामने, हिसार रोड पर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### टेलर की दुकान से दो सिलाई मशीनें चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक टेलर की दुकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों रुपये कीमत की दो सिलाई मशीनें चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के संगरूर जिले के गांव मनियाना निवासी औमकार शर्मा ने कहा है कि उसकी टोहाना में जैन समाधि के पीछे वाली गली में टेलर की दुकान है। गत दिवस रात को वह रोजाना की तरफ दुकान को बंद करके घर चला गया था।

### टोहाना में जनसंगठनों मनाएंगे मई दिवस

**फतेहाबाद।** जनसंगठनों द्वारा टोहाना में मई दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर मई दिवस के शहीदों को याद किया जाएगा। 1 मई बुधवार को अनाज मण्डी के नजदीक स्थित शहीद भगत सिंह भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव मास्टर कृष्ण नैन व किसान सभा के जिला उपप्रधान जगतार सिंह भाग लेंगे। कार्यक्रम में सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, भारतीय किसान यूनियन घासीराम नैन सहित विभिन्न संगठनों के सदस्य भाग लेंगे।

## बेचने के लिए नहीं, स्टॉक करने हेतू लाया था सरसों: जयप्रकाश

# सरसों की खरीद-फरोख्त मामले में सीएम फ्लाइंग ने फर्जीवाड़ा पकड़ा

अनाज मंडी भूना की एक फर्म पर एक गलत तरीके से सरसों से भरा हुआ ट्रक मौके पर पकड़ लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

सरसों की खरीद-फरोख्त मामले में रविवार को सीएम फ्लाइंग ने फर्जीवाड़ा पकड़ा है। जिन्होंने अनाज मंडी भूना की एक फर्म पर एक गलत तरीके से सरसों से भरा हुआ ट्रक मौके पर पकड़ लिया। जिसमें 300 क्विंटल सरसों की फसल भरकर राजस्थान से लाई गई थी। उपरोक्त सरसों राजस्थान से सस्ते दामों पर लाकर अनाज मंडी भूना में सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लेकर आए थे। मगर सरसों की खरीद-फरोख्त होने से पहले ही सीएम फ्लाइंग ने उसे दबोच लिया और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मार्केटिंग बोर्ड हिसार के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल व उनकी टीम रविवार की दोपहर बाद ट्रक के पास पहुंची। लेकिन जब टीम ने सरसों रिकॉर्ड से संबंधित मार्केट फीस की रसीद दिखाने के लिए दिशा- निर्देश दिए तो वह आना-कानी करने लगे। जिस पर मार्केटिंग बोर्ड हिसार के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल ने अनाज मंडी भूना की मै. शेर सिंह कृष्ण कुमार फर्म पर 300 क्विंटल सरसों पर 16980 मार्केट फीस के साथ 8490 रुपये आर्थिक दंड लगाया। वही जोनल अधिकारी ने फर्म से विभिन्न फसलों की खरीद फरोख्त से संबंधित तीन वर्षों का रिकार्ड तलब किया। सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज रणधीर सिंह को सूचना मिली थी कि रविवार को अनाज मंडी भूना में शेर सिंह कृष्ण कुमार की फर्म पर राजस्थान से सस्ते दामों में सरसों लाकर खरीद एजेंसी हैफड़ को सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाया जाएगा। जिससे फर्म के लोग मार्केट फीस व सरकारी राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे है राजस्थान से सूचना मिलने के बाद सीएम फ्लाइंग व डीएमईओ राहुल कुंडू दलबल सहित अनाज मंडी में पहुंचे। जहां पर काफी इंतजार के बाद उपरोक्त फर्म पर एक ट्रक पहुंचा, जिसको तिरपाल लगाकर बंद किया हुआ था। टीम ने उसे अपने कब्जे में लेकर सरसों खरीद से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। लेकिन मामला संदिग्ध होने के कारण मार्केटिंग बोर्ड हिसार के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल को मामले को लेकर जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर दस्तावेज को बारीकी से देखा तो मामला गड़बड़झाले का मिला जिस पर मार्केटिंग बोर्ड के जोनल अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए अनाज मंडी भूना की मै. शेर सिंह कृष्ण कुमार फर्म पर 300 क्विंटल सरसों पर 16980 मार्केट फीस के साथ 8490 रुपये आर्थिक दंड लगाया।




**भूना।** अनाज मंडी में सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा पकड़ा गया सरसों से भरा हुआ ट्रक, मार्केटिंग बोर्ड हिसार के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल जानकारी देते हुए



### बेचने के लिए नहीं, स्टॉक करने हेतू लाया था सरसों

अनाज मंडी की फर्म मै.शेरसिंह कृष्ण कुमार ने बताया कि उपरोक्त सरसों बेचने के लिए नहीं बल्कि स्टॉक करने के लिए खरीद कर लाया था। जो गलतफहमी का शिकार हो गया और उसके पास ट्रेडिंग का लाइसेंस भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज तक उनकी फर्म ने गलत तरीके से फसल का कोई भी खरीद-फरोख्त नहीं किया। फसलों का स्टॉक करने का उसे कानूनी अधिकार है।

### क्या कहते हैं जोनल अधिकारी

मार्केटिंग बोर्ड के हिसार के जोनल अधिकारी राहुल मित्तल ने बताया कि सीएम फ्लाइंग ने सरसों से भरा हुआ ट्रक पकड़ा है। जिसके खिलाफ मार्केट फीस चोरी व प्लेंटी जुर्माना लगाया गया है। उपरोक्त सरसों सरकारी समर्थन मूल्य पर नहीं बचने और स्टॉक करने की बात कबूल की है।



## स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह के निर्देशानुसार व स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव में मतदान की प्रतिशत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला में स्वीप मुहीम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा एवं राजकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय पन्नीवाला मोटा के प्रांगण विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे घरों में जाकर अपने अभिभावकों व पड़ोसियों को आगामी 25 मई को घरों से निकल कर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। मतदान का दिन पर्व की तरह मनाएं और पूरे उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा गांव में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसे स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार ग्रोवर एवं विद्यालय मुखिया स्वरूप चंद ने झंडी दिखाकर रवाना किया। गांव की विभिन्न गलियों में बच्चों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की। उन्होंने आमजन को प्रेरित करते हुए संदेश दिया कि 25 मई के दिन अधिक से अधिक नागरिक अपने घरों से निकल कर अपने पोलिंग बूथ पर जाएं और मतदान अवश्य करें। इसके साथ-साथ बच्चों को 1950 के बारे में भी अवगत करवाया गया कि यदि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार से मतदाताओं को परेशानी होती है तो 1950 नंबर पर डायल करके समाधान करवा सकते हैं।

## बी फार्मेसी के द्वितीय सेमेस्टर में मनप्रीत व हर्षिता रहे जिला में दूसरे व तीसरे स्थान पर

**सिरसा।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसिज सिरसा के बी फॉर्मेसी के द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में संस्थान के दो विद्यार्थियों मनप्रीत व हर्षिता ने क्रमशः जिलाभर में दूसरा व तीसरा स्थान हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान के चेयरमैन नरेश गुप्ता ने बताया कि पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंस की ओर से घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसिज सिरसा के बी फॉर्मेसी के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी मनप्रीत ने 750 अंकों में से 642 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा व छात्रा हर्षिता ने 636 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन नरेश गुप्ता ने दोनों विद्यार्थियों के अथक परिश्रम व शिक्षकों के अतुलनीय मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत व समर्पण से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान के चेयरमैन नरेश गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ समय के दौरान उनके संस्थान की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने जो उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है, उससे पूरे हरियाणा में संस्थान की गुणवत्तापरक शिक्षा का परचम लहराया है।

### रतनगढ़ ब्लॉक की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा हुई

**रतिया।** 76वें जाम इन्सां व स्थापना दिवस की खुशी में रतनगढ़ ब्लॉक की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा गांव अलीका में ज्ञान कौर ने अपने पोते गुरलाल इन्सां के बिजली विभाग में सरकारी नौकरी लगने पर गुरु रविदास मंदिर में आयोजित की गई। ज्ञान कौर ने अपने पोते का पहला वेतन दीन-दुखियों की मदद के लिए ब्लॉक रतनगढ़ को परमार्थ किया। नामचर्चा की शुरुआत ब्लॉक प्रेमी सेवक जगजीवन इन्सां ने पवित्र नारा लगाकर की। कविराज भाइयों ने ग्रंथ में से सुंदर शब्द बोलकर भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नामचर्चा के दौरान दस मिनट का सिमरन किया गया। नामचर्चा में 85 मैंबर उतम इन्सां, हरदीप इन्सां ने साध-संगत को मानवता भलाई को 162 कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## साले की धमकी से डरा युवक लापता, मां ने दर्ज करवाई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

टोहाना से एक युवक के लापता होने का समाचार है। युवक की मां का आरोप है कि उसके लड़के के साले द्वारा जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने से डरा उसका लड़का कहीं चला गया है। इस बारे टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दमकौरा रोड, टोहाना निवासी महिला सोमी ने कहा है कि उसके लड़के विजय की शादी अंजू के साथ हुई थी। उसकी पुत्रवधू का चाल-चलन ठीक नहीं है और पति-पत्नी के बीच आपसी लड़ाई-झगड़ा होता रहता था। इस कारण 25 अप्रैल को उसकी पुत्रवधू अंजू घर से चली गई थी। इसके बाद अंजू का भाई गोलू अपने एक अन्य साथी के साथ आया। शराब के नशे में धुत्त होकर वह उसके मकान में घुस आया और उसके व उसके लड़के के साथ गाली-गलौच करने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि इन युवकों ने उसके लड़के को जान से मारने की झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी भी दी। महिला ने कहा कि इसके बाद उसका लड़का विजय डर के कारण कहीं चला गया है और वापस घर नहीं लौटा है। उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो घायल

**फतेहाबाद।** गांव डांगरा के पास सड़क के बीच में खड़े एक ट्रक से अंधेरे के कारण मोटरसाइकिल जा टकराया। इस हादसे में बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में बाजीगर बस्ती, गांव ललौदा निवासी शौकी ने कहा है कि वह गांव के ही जगसीर के साथ गांव कालन में काम करते हैं। वह ट्रैक्टर डम्फर चलाता है जबकि जगसीर उर्फ जगवीर जेसीबी चलाता है। गत दिवस शाम को वह दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव ललौदा जा रहे थे।

## चिम्मो के छात्रों को मिला गोल्डन एरो अवार्ड

- यह अवार्ड भारत और स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्य करने के बाद मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुखिया ओमप्रकाश ने बताया कि हर वर्ष की भांति पाठशाला के सात बच्चों को गोल्डन एरो अवार्ड मिला। उन्होंने बताया कि पाठशाला से स्थानांतरण होकर गए अध्यापक प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में अब तक पाठशाला से 27 बच्चों को गोल्डन एरो अवार्ड मिल चुका है। यह अवार्ड भारत और स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्य करने के बाद मिलता है। इसमें पहले तृतीय एवं चतुर्थ चरण तक जिला स्तर पर कार्य किया जाता है, उसके बाद राज्य सत्र पर कार्य करने के बाद गोल्डन एरो अवार्ड दिया जाता है। यह पुरस्कार भारत स्काउट एंड गाइड में प्राथमिक स्तर पर सबसे उच्च माना जाता है। अध्यापक प्रदीप कुमार ने जोर देते हुए कहा कि भारत और स्काउट गाइड में सबसे पहले बच्चों को प्रतिदिन एक भलाई का एक कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना, स्वच्छता पर ध्यान देना सिखाया जाता है। गांव के सरपंच प्यारेलाल से भी बात की गई तो उन्होंने बताया पाठशाला में कार्यरत अध्यापकों द्वारा समय-समय पर अनेक गतिविधियां करवाई जाती है। जिनके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।



**रतिया।** गोल्डन एरो अवार्ड विजेता चिम्मो के विद्यार्थी।

## कांग्रेस में जाने से पहले बोले निशान, दवेन्द्र बबली के कारण कार्यकर्ताओं की हुई अनदेखी



**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी छोडने के पीछे का कारण पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को बताया है। कांग्रेस ज्वाइन करने से पहले निशान सिंह ने रविवार को फतेहाबाद के टोहाना में प्रेस वार्ता की और कहा कि टोहाना में देवेंद्र बबली के विधायक रहते हुए जेजेपी के कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई और इसके बाद उन्हें इस तरह के कड़े फैसले लेने पड़े। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को सैकड़ों लोगो के साथ 2 बजे चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में कांग्रेस ज्वाइन करने जा रहे हैं और इस दौरान कांग्रेस का कौन सा बड़ा नेता मौजूद रहेगा, यह उन्हें नहीं पता। यह पार्टी का काम है कि वह किसे भेजती है। उन्होंने कहा कि जेजेपी छोडने के बाद उन्होंने अपने साथियों से रायशुमारी मांगी तो जनमत यही था कि कांग्रेस में जाना है, इसलिए उन्होंने कांग्रेस में जाने का निर्णय लिया। जेजेपी छोड़ते समय उन्होंने यह भी तय किया था कि पुरानी पार्टी पर किसी तरह के आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाएंगे। कांग्रेस से टिकट की इच्छा के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीति में काम करते समय यदि रुतबा होगा तो पार्टी अपने आप चुनाव लड़वाएगी, जिस नेता ने चार चुनाव लड़े हों, वह यह इच्छा रखे कि चुनाव लडना है तो यह गलत नहीं है। बाकी देखना होगा कि पार्टी की कसौटी पर कौन खरा उतरता है और कौन प्रत्याशी बनता है। उन्होंने कहा कि वे आज तक स्टेबल राजनीति करते आए हैं, यही कारण है कि चौ.देवीलाल से जुडने के बाद 30 वर्षों तक वे उनसे जुड़ी पार्टियों में रहे और जब कुछ बदलाव का समय लगा तो अब कार्यकर्ताओं की आशाओं का मान सम्मान रखते हुए कांग्रेस में आने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस में आने के बाद वे पार्टी के सिपाही के तौर पर काम करेंगे, पार्टी को मजबूती देंगे और पार्टी कैंडीडेट को जीताने का काम करेंगे।

## गोशालाएं नहीं खरीद पा रही तूड़ी सरकार तुरंत जारी करे बजट : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

क्षेत्र की गौशालाओं में इन दिनों बजट के अभाव में गायों के लिए तूड़ी का स्टॉक नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में गौशालाओं में गौवंश के लिए चारे का संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में क्षेत्र के गौसेवकों ने प्रदेश सरकार से गौशालाओं को तूड़ी का स्टॉक करने के लिए बजट अलाट करने की मांग की है। गौसेवक मुकेश प्रजापति ने कहा कि इन दिनों खेतों में गेहूं निकालने का काम लगभग पूरा होने को है लेकिन क्षेत्र की अनेक गौशालाओं में अभी तक तूड़ी का पर्याप्त स्टॉक नहीं हो पाया है। गेहूं के सीजन में गौशाला प्रबंधक पूरे साल के लिए गौवंश के चारे के लिए तूड़ी का स्टॉक कर लेते हैं। काफी संख्या में किसान हर साल गौशालाओं में तूड़ी का दान भी करते हैं लेकिन इसके बावजूद गौशालाओं में पूरे साल चारे का संकट न हो, इसके लिए गौशालाएं स्वयं भी अपने स्तर पर काफी मात्रा में तूड़ी की खरीद करती है लेकिन इस साल सरकार द्वारा अब तक बजट जारी न करने से गौशालाओं के सामने बजट का संकट खड़ा हो गया है। सरकार से आर्थिक मदद न मिलने के कारण गौशालाएं तूड़ी की खरीद नहीं कर पा रही है। गौसेवक मुकेश प्रजापति ने कहा कि अगर सरकार तुरंत गौशालाओं को बजट जारी नहीं करती है तो गौशालाओं में गौवंश को रखना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अगर गौवंश सड़कों पर आता है तो उससे सड़क हादसे होने का डर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि गौसेवक स्वयं भी अपने स्तर पर गौशालाओं की आर्थिक मदद कर रहे हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। ऐसे में सरकार गौशालाओं में आर्थिक तंगी को देखते हुए बजट जारी करे ताकि गौशालाओं में पूरे साल के लिए तूड़ी का भंडारण किया जा सके और गौवंश की अच्छे ढंग से सेवा की जा सके।



मुकेश प्रजापति

## हरियाणा के विकास के लिए चुनें जेजेपी: अजय चौटाला



**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा के विकास के साथ-साथ प्रत्येक हरियाणावासियों के विकास की पक्षधर है और पिछले साढ़े चार साल के कार्यकाल में जेजेपी ने इस लक्ष्य को पूरा भी किया है। अजय चौटाला रविवार को रानियां हलके के गांव ओटू, भडोल्यांवाली, बालासर, खाजाखेड़ा, सादेवाला, गिंदड़ा, घोड़ांवाली, चक्का, भूना, खाईशेरगढ़, पीरखेड़ा, कर्मगढ़, साहुवाला, पंजुआना, बुर्जभंगु, बुढाभाणा व किराड़कोट आदि में जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक के समर्थन में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यथासंभव शहरी तर्ज पर ग्रामीणांचल के विकास को तरजीह देते हुए उत्तरोत्तर विकास करवाया।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश स्वर्णिम युग में पहुंचा: तंवर



**चोपटा।** भाजपा के सिरसा लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश स्वर्णिम युग में पहुंचा है। चंद्रयान से लेकर राफेल और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए देश ने विकास की आंधी देखी है जिसके चलते पूरा भारत मोदी का मुरीद बन गया है। यही वजह है कि एक बार फिर देश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। यह बात तंवर ने रविवार सुबह नाथूसरी चौपटा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नाथूसरी चौपटा सिरसा लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। इस इलाके के रणबांकुरों ने देश की आजादी और अखंडता को अक्षुण रखने में अपना भरपूर योगदान दिया है। पैंतालीसा की धरती त्याग और बलिदान की धरती है। आज एक बार फिर वक्त आपकी चौखट पर दस्तक देने के लिए आया है। आप सभी साथी मिल जुलकर कमल के फूल का बटन याद रखना और अपने वोट की ताकत से समर्थन देना ताकि आपका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं, सैनिक पिता की संतान हूं और किसानी मेरी आत्मा में है। मैंने देश के 140 करोड़ लोगों की लड़ाई लड़ी है और संघर्ष किया है। आगे भी आप लोगों के लिए संघर्ष करता रहूंगा। आज चुनाव देश का है, देश के नेतृत्व का है, आप सब लोग सब राग-द्वेष छोड़कर मोदी जी के हाथ मजबूत करें ताकि देश मजबूती की डगर पर इसी तरह आगे बढ़ता रहे।

## रक्तदान करने से स्वयं को भी मिलती है आत्मसंतुष्टि : अनिल ज्याणी

# रक्तदान से बचाई जा सकती है बहुमूल्य जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

श्री श्याम मित्र मंडल फतेहाबाद द्वारा अनाज मण्डी स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष एवं आगामी विधानसभा चुनावों में फतेहाबाद से प्रत्याशी अनिल ज्याणी ने दीप प्रज्वलित करके किया और शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिव कुमार सर्राफ, विनोद गर्ग भिरड़ाना वाले, श्रीराम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया, समाजसेवी भारत भूषण गर्ग एडवोकेट, विशाल टीवी केयर के संचालक भीमसैन असीजा, नेहा-सुरेन्द्र मित्तल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रधान राजेश गर्ग व रामअवतार जैन ने भाग लिया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सुरेन्द्र मित्तल ने अतिथियों का स्वागत किया। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया और काफी संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया। रक्तदान कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए समाजसेवी अनिल ज्याणी ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा जाता है।



**फतेहाबाद।** रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि अनिल ज्याणी को सम्मानित करते श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य।

### रक्तदान करने से होते हैं कई प्रकार के लाभ

रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमें आत्म संतुष्टि भी मिलती है। अनिल ज्याणी ने कहा कि कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। इसलिए हम सभी को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ आयोजित किए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उसकी सराहना की और मंडल के सभी सदस्यों को इसके लिए बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005